18

# कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

सँख्या:–1505/एस0टी0–राजस्व                                        दिनॉक :13 अक्टूबर, 2014

## आदेश

प्रार्थीगण श्री गुरमीत सिंह ग्रेवाल, निवासी ग्राम सैफपुर फिरोजपुर, तहसील मवाना जिला मेरठ, श्री गुरमीत सिंह ग्रेवाल पुत्र श्री रघु नन्दन सिंह निवासी रामराज, हाल निवासी सैनिक फार्म, नई दिल्ली तथा श्रीमती कान्ति पत्नी श्री वेदप्रकाश निवासी ग्राम लालपुर तहसील जानसठ द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये हैं जो श्री जयभगवान लेखपाल, श्री शिव कुमार पूर्व लेखपाल तथा अन्य भू–माफियाओं के सम्बन्ध में है। ये शिकायतें गम्भीर प्रकृति की हैं।

अतः उक्त शिकायतों की विस्तृत जॉच हेतु निम्नवत् जॉच समिति गठित की जाती है:–

| | |
|---|---|
| 1:–अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व | अध्यक्ष |
| 2:–उप जिलाधिकारी जानसठ | सदस्य |
| 3:–तहसीलदार जानसठ | सदस्य |
| 4:–थानाध्यक्ष जानसठ | सदस्य |

5:–अन्य राजस्व व पुलिसकर्मी अध्यक्ष की सुविधानुसार सदस्य अथवा सहायक होंगे।

उक्त गठित जॉच समिति शिकायती पत्रों में उल्लिखित शिकायतों की अभिलेखीय जॉच, मौके की जॉच, शिकायतकर्ताओं के बयान, आरोपी राजस्व कर्मियों के बयान आदि लेकर एक माह में जॉच आख्या , आगे की जाने वाली स्पष्ट कार्यवाही की संस्तुति सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

10/10/14

(कौशल राज शर्मा)
जिलाधिकारी,
मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
2:–अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व
3:–उप जिलाधिकारी जानसठ
4:–तहसीलदार जानसठ
5:–थानाध्यक्ष जानसठ

(कौशल राज शर्मा)
जिलाधिकारी,
मुजफ्फरनगर।

सत्यापित प्रति
कृते जिलाधिकारी
मुजफ्फरनगर।
17/9/16